मम1/25 बद्रीलाल v/s राज सरकार

ग्रामीण सेवा शिविर अभियान–2025"

सेवा में,

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय,
मांगरोल जिला (बारां)

विषय:–अधिसूचना अनुसार बैंक का नाम परिवर्तित किये जाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है, कि भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार **बडौदा राज0 क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक** एवं **राज0 मरूधरा ग्रामीण बैंक** को एकल प्रादेशिक ग्रामीण बैंक राज0 ग्रामीण बैंक में समामेलित किया गया है। अधिसूचना के अनुसरण में प्रार्थी बद्री लाल पिता गौबरी लाल जाति मीणा निवासी चैनपुरिया के नाम पटवार मण्डल शाहपुरा के राजस्व ग्राम चैनपुरिया में वर्तमान जमाबन्दी के खाता संख्या 53 पर **बडौदा राज0 क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक** शाखा सीसवाली के नाम रहन दर्ज रिकार्ड है, जिसे अधिसूचना अनुसार **राज0 ग्रामीण बैंक** शाखा सीसवाली दर्ज करवाने की कृपा करें।

दिनांक:– 3/10/25

बद्रीलाल
हस्ताक्षर प्रार्थी

रिपोर्ट पटवार हल्का शाहपुरा तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)

महोदय,

भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार **बडौदा राज0 क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक** एवं **राज0 मरूधरा ग्रामीण बैंक** को एकल प्रादेशिक ग्रामीण बैंक **राज0 ग्रामीण बैंक** में समामेलित किया गया है। अधिसूचना के अनुसरण में उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन किया जाना उचित है।

हस्ताक्षर
भू–अभिलेख निरीक्षक ....

हस्ताक्षर
पटवारी हल्का शाहपुरा

कार्यालय तहसीलदार मांगरोल जिला बारां (राज0)

कमांक: दिनांक:–

पटवारी हल्का एवं भू–अभिलेख निरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व रिकार्ड में **बडौदा राज0 क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक** के स्थान पर **राज0 ग्रामीण बैंक** किया जाना उचित है।

तहसीलदार मांगरोल
जिला बारां (राज0)

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी मांगरोल जिला बारां (राज0)

कमांक: दिनांक:–

हस्ब रिपोर्ट तहसीलदार मांगरोल, के राजस्व रिकार्ड में संशोधन की स्वीकृति दी जाती है। पटवारी हल्का शाहपुरा राजस्व रिकार्ड में उक्त संशोधन की कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल जिला बारां

उपखण्ड अधिकारी
मांगरोल